परमाणु
CHAPTER-12

सही विकल्प का चयन कीजिये -

1. परमाणु स्वयं मे होता है-
   (a) धनावेशित
   (b) ऋणावेशित
   (c) उदासीन
   (d) धनावेशित और ऋणावेशित दोनो हो सकता है।

2. परमाणु का पहला मॉडल था-
   (a) ग्रहीय मॉडल
   (b) प्लम-पुडिंग मॉडल
   (c) क्वॉन्टम मॉडल
   (d) इनमें से कोई नही।

3. परमाणु का नाभिकोय मॉडल किसने दिया-
   (a) जे. जे. टॉमसन ने
   (b) नील्स बोह्र के
   (c) अर्नेस्ट रदरफोर्ड के
   (d) जेकब्ब बामर के

4. जब कोई ऐल्फा-कण नाभिक के समीप आता है तो वह प्रकीर्णतत हो जाता है, क्यौंकि-
   (a) गुरुत्वीय बल के कारण
   (b) चुम्बकीय बल के कारण
   (c) क्षीण बल के कारण
   (d) विद्युत बल के कारण

5. ऐल्फा कण है-
   (a) हाइड्रोजन परमाणु के नाभिक
   (b) हीलियम परमाणु का नाभिक
   (c) रेडियोएक्टिव पदार्थों के नाभिक
   (d) नियॉन परमाणु का नाभिक

6. नाभिक के खोजकत्ता हैं-
(a) जे. जे. टॉमसन
(b) नील्स बोह्र
(c) अर्नेस्ट रदरफोर्ड
(d) जेकब बामर

7. हाइड्रोजन वर्णक्कम की बामर श्रेणी विद्युत चुम्बकीय वर्णकम के किस भाग में होती है-
(a) पराबैंगनी
(b) अवरक्त
(c) दृष्य प्रकाश
(d) रेडियो तरंग

8. हाइड्रोजन परमाणु में इलेक्ट्रॉन का न्यूनतम कोणीय संवेग होगा-
(a) $\frac{h}{\pi}$
(b) $\frac{h}{2\pi}$
(c) $h\pi$
(d)) $2h\pi$

9. ऐल्फा-कण प्रकीर्णन प्रयोग मे ऐल्फा-कण का पथ होता है-
(a) वृत्ताकार
(b) परबलयाकार
(c) दीर्घत्ताकार
(d) अतिपरबलयाकार

10. इलेक्ट्रॉन की चाल अधिकतम होती है-
(a) प्रथम कक्षा में
(b) द्वितीय कक्षा में
(c) अंतिम कक्षा में
(d) सभी कक्षा मे समान होती है।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-

1. इलेक्ट्रॉन की ऊर्जा _____होती है। (धनात्मक/ऋणात्मक/शून्य)

2. प्रत्येक तत्व के रेखिल स्पेक्ट्रम में रेखाओं की संख्या_____ होती है। (निश्चित /अनंत)

3. रेखिल वर्णक्रम _____के सम्बंध मे महत्वपूर्ण सूचना देता है। (परमाणु संरचना/प्रकाश के रंग)

4. परमाणु का आकार लगभग _____होता है? (10-10मी / 10-15मी)

5. परमाणु के आकार नाभिक का आकार का_____ गुना होता है। (10-4/104)

6. परमाणु के स्थायित्व की व्याख्या का मॉडल करता है। (रदरफोर्ड / बोहर)

7. हाइड्रोजन परमाणु के मूल कक्षा की त्रिज्या_____ A_0 होती है। (0.51/51)

8. निम्न कक्षा की अपेक्षा उच्च कक्षा में इलेक्ट्रॉन की गतिज ऊर्जा _____होती है। (कम / अधिक)

9. निम्न कक्षा की अपेक्षा उच्च कक्षा में इलेक्ट्रॉन की स्थितिज ऊर्जा _____होती है। (कम /अधिक)

10. प्रत्येक परमाणु की उर्जा _____होती है। (नियत / क्वांटीकृत)

BOARD ZONE